सभी ने एक दूसरे को दी होली की शुभकामनाएं

- शुभ मुहूर्त में होलिका पूजन और दहन किया
- युवाओं ने ढोल-कुंडी की थाप पर जमकर नृत्य किया

गंगापुर सिटी । शहर सहित सम्पूर्ण उपखण्ड क्षैत्र में गुरूवार को होलिका दहन के बाद शुक्रवार को रंगो एवं भाईचारे का पर्व धुलण्डी परम्परागत तरीके से धूमधाम से मनाई गई। गुरुवार रात को शुभ मुहूर्त में होलिका पूजन और दहन किया गया। नगर परिषद की ओर से फव्वारा चौक पर रात 11ः28 बजे के बाद विधिवत होलिका दहन संपन्न हुआ। फब्बारा चौक पर युवाओं ने ढोल-कुंडी की थाप पर जमकर नृत्य किया। होली माता के दर्शन के बाद आतिशबाजी की गई। शहर के नया बाजार, खारी बाजार, बालाजी चौक, उदेई मोड, ईदगाह और रेलवे स्टेशन पर होलिका दहन किया गया। स्थानीय पार्षद और आसपास के लोगों ने पूजन और आरती में हिस्सा लिया।

बामनवास वजीरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में रात 11ः30 बजे के बाद होली दहन किया गया। क्षैत्र में परम्परा के अनुसार गुरूवार को बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में शुभ मुहुर्त में होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के दौरान महिलाओ ने विधि विधान से होली का पूजन किया और सुख शांति की कामना की। वहीं पुरूषो ने होली में नई धान गेहू की फसल को सेका। इस दौरान महिलाओ ने मंगल गीत गाए। दूसरे दिन शुक्रवार को रंगो का पर्व धुलण्डी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पुरानी अनाज मण्डी में व्यापार मण्डल के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन सीताराम जी के मंदिर पर किया गया जिसमें वरिष्ठ व्यापारियो का सम्मान किया गया। व्यापारियो ने जमकर होली के गीतो पर नृत्य किया एवं ठण्डाई का आनन्द लिया। इस दौरान आर्य समाज, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहित विभिन्न संगठनो की ओर से धमाल निकाली गई। जिसमें सैकडो महिला पुरूषो ने भाग लिया। भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद की ओर से व्यापार मण्डल तिराहे पर शहर के सभी लोगो से जमकर होली खेली गई। खाटूश्यामजी, श्री कल्याणजी और सीतारामजी मंदिर समेत बालाजी चौक पर स्थित मंदिरों में सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यहां लोगों ने होली खेली और भजनों का आनंद लिया। ममलेश्वर महादेव मंदिर से श्री श्याम परिवार सेवा समिति के तत्वाधान में डीजेकी धून पर पुरानी अनाज मण्डीसहित मुख्य मुख्य बाजारो से होते हुए कुशालगढ के श्याम मंदिर तक धमाल निकाल सभी को गुलाल लगाकर शुभकामनाऐ दी गई।

युवा और बच्चे घरों से निकलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते नजर आए। शहर की सडकों पर मस्तानों की टोलियां डीजे और ढोल-नगाडों की धुन पर नाचती-गाती दिखाई दीं। प्रमुख मार्गों पर अलग-अलग टोलियों ने धमाल मचाया, जिसमें सैकडों लोगों ने भाग लिया। होली के पर्व को देखते हुए शहर में पुलिस व प्रशासन की ओर से चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई। शहर में जगह जगह पुलिस व आरएसी के जवानो की तैनाती की गई, वहीं पुलिस की गाडी भी गश्त करती नजर आई। इस दौरान महिलाओ ने व युवाओ ने बडे बुर्जुगो का आर्शीवाद लिया। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। शहर के प्रमुख चौराहों और गली-मोहल्लों में पुलिस बल तैनात किया गया। होली और रमजान के जुम्मे का समय एक साथ होने के कारण जिला प्रशासन ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

होली मिलन समारोह संपन्न : सनाढय गौड ब्राह्मण समाज गंगापुर सिटी का होली मिलन समारोह श्री परशुराम छात्रावास दशहरा मैदान में आयोजित हुआ। समाज के कोषाध्यक्ष डॉ. मनोज शर्मा ने बताया की इस कार्यक्रम में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा होली गायन की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर फूलो की होली खेली गई। सभी माताओं बहनों एवं ब्राह्मण बन्धु होली के गीतों पर जम कर नृत्य किया।

हास्य व्यंग्य की रंगीन छटा बिखेरी

भरतपुर । भारत विकास परिषद की लोहागढ शाखा द्वारा अपना होली मिलन कार्यक्रम स्थानीय होटल टूरिस्ट कांप्लेक्स में बुधवार शाम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्रपट के समक्ष पुष्पार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम में एक तरफ कई मजेदार खेल सभी सदस्यों के लिए आयोजित किए गए थे तो दूसरी तरफ बीच बीच में रोचक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सभी को गुदगुदाया गया। इन खेलों में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इनका भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध एंकर कौशल ने हास्य व्यंग्य की रंगीन छटा बिखेरते हुए उन्हें होली की मस्ती में डुबो दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने ब्रजमण्डल की होली के रसियाओं पर सामूहिक नृत्य करते हुए इत्र की फुहारों के मध्य जम कर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, सचिव अरविंद सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष मनीष बिंदल, संरक्षक अनिल लोहिया, पूर्व अध्यक्ष सुरेश मेठी, डॉ सुशील पाराशर, डॉ गिरीश शर्मा, वरिष्ठ सदस्य राजेश गोयल, अनिल खंडेलवाल, राकेश झालानी, संजय खंडेलवाल, विकास दीक्षित, अंकुर खंडेलवाल सहित अनेकों सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे।

कौशल रोजगार शिविर 19 को

करौली । जिला रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि एक दिवसीय कौशल रोजगार एवं उद्यिमता शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, डाईट परिसर, में 19 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की कम्पनियां, स्वरोजगार संस्थाएं एवं प्रशिक्षण संस्थाएं भाग ले रही है। जिसमें योग्यता 10वीं कक्षा और इससे अधिक शिक्षित आवेदक जिसकी उम्र 19 से 40 वर्ष तथा संबंधित पद हेतु वेतनमान योग्यतानुसार रखा गया है। इच्छुक युवाओं का 19 मार्च को कम्पनी द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, करौली में लिया जावेगा। शिविर के दौरान राज्य सरकार की विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का मार्गदर्शन दिया जावेगा। इसके अतिरिक्त राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ प्रशिक्षण पंजीयन भी किये जावेंगे। बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, अनुसूचित जाति विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक मामलात विभाग एवं जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिये जाने के साथ ही प्रशिक्षण व स्वरोजगार के आवेदन पत्र तैयार करवाये जायेंगे।

सार-समाचार

कश्मीर में अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम हुआ

गंगापुर सिटी । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से श्रीनगर में अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यग्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान से 27 युवाओं ने हिस्सा लिया। गंगापुर सिटी के रिजुल गर्ग ने राजस्थानी कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के युवक-युवतियों ने भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र सवाई माधोपुर के जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल ने बताया कि सवाईमाधोपुर, अलवर, जोधपुर, नागौर और जयपुर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक और राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा शामिल हुए। एक भारत, श्रेष्ठ भारत योजना के तहत राष्ट्रीय एकता को बढावा देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियां, युवा संवाद और विभिन्न विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। इनमें पंच प्रण, विकसित भारत 2ः47, राष्ट्रीय सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान, साइबर सुरक्षा और वित्तीय प्रबंधन शामिल थे। राजस्थान के युवाओं ने कश्मीर की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, वेशभूषा और जीवनशैली को करीब से जाना। सवाई माधोपुर से अनुभव सैन, राजेश गुर्जर, रीना राठौर और जयलक्ष्मी कुमावत ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम से लौटने पर गंगापुर सिटी में रिजुल गर्ग का स्थानीय युवा स्वयंसेवकों ने स्वागत किया।

कम्प्यूटर टंकण परीक्षा ली

करौली । अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों, जिनकी नियुक्ति हुए 03 वर्ष से अधिक नहीं हुए हैं, उनकी नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा कार्यालय जिला कलक्टर, करौली द्वारा माह अप्रैल 2025 में आयोजित करवाया जाना प्रस्तावित है, जिसके आवेदन पत्र दिनांक 25 मार्च तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी आवेदन पत्र जिले की वेवसाईट से डाउनलोड कर 25 मार्च तक भरकर कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निम्न आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिनमें, एवं उपस्थिति रिपोर्ट की सत्यापित प्रति, जिला कलेक्टर तथा आधार कार्ड इस कार्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

करौली । राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवराज मीणा ने मुलाकात कि। इस दौरान टोडाभीम विधायक घनश्याम महर और पीसीसी सचिव भूपेंद्र भारद्वाज भी उपस्थित रहे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा ने बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही निष्क्रिय सदस्यों की जगह जल्द ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार किए जाने पर सहमति बनी। संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

फूलों की होली आज

भरतपुर। रिटेल क्लॉथ डीलर्स एसोसियेशन का होली मिलन समारोह आज 16 मार्च रविवार को रात्रि 8 बजे से चन्दन एव फूलो की होली के साथ होटल सोनार हवेली पर आयोजित किया जायेगा ।

विचार संगोष्ठी में काशीराम को याद किया

भरतपुर ।15 मार्च को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता एवं संस्थापक काशीराम की जयंती पर विचार संगोष्ठी समारोह बाबा मैरिज होम अनाह गेट भरतपुर में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता जॉन इंचार्ज मोती सिंह पार्षद व अतिथि जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह सोना तथा अध्यक्षता सुरेश धर्मपुरा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब अम्बेडकर व बसपा संस्थापक कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। जिसमें जोन इंचार्ज मोती सिंह पार्षद ने कहा कि देश में डॉ अम्बेडकर के बाद कांशीराम ने सामाजिक परिवर्तन की अलग जगाई। देश के इतिहास का सबसे बड़ा समाजिक और राजनीतिक आंदोलन हाशिये पर खड़े शोषित वंचित दलित ओबीसी समाज को राजनीति की मुख्य धारा में ला खड़ा किया। कांशीराम ने 85 लोगों जोड़ कर बहुजन समाज बनाया जैसे अम्बेडकर ने शोषित वंचित जातियों को जोड़कर / वर्ग बनाया था।

प्रभारी राजेंद्र सिंह सोना ने कहा कि कांशीराम के प्रयास से ही जाति -पाति, छुआ-छूत ऊंच-नीच की भावना निष्प्रभावी हुई है। समाज में भाई चारा भी पैदा हुआ है। समता मूलक समाज भी बनता दिखायी पड़ा बहुजन समाज को हुक्मरान बनने का अवसर भी मिला। अध्यक्ष सुरेश धर्मपुरा ने कांशीराम की जयंती के अवसर पर प्रतिज्ञाए बुलवाई। इस मौके पर मोहन सिंह गुर्जर, मदन मोहन भंडारी, शेर सिंह कुशवाहा, राजवीर सिंह बैंसला, अनूप कोरवाल, विशम्बर राठी, चिरमोली नेता, जयसिंह , मोहन सिंह सेवला, अनिल मोरोली, सतीश कुमार जाटव, राज सिसोदिया, मोनू सिंह होडलिया, कैलाश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

विधि विधान के साथ होलिका दहन किया

- होली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया

भुसावर-भरतपुर। भुसावर कस्बा भुसावर सहित ग्रामीण अंचल में तीन दिवसीय होली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां क्षेत्र में तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर होली खेली गई। होली को लेकर हर कोई उत्साहित नजर आया।

तीन दिवसीय होली महोत्सव का शुभारंभ होलिका दहन के साथ हुआ। जहां महिलाओं ने गाय के गोबर से बनी गूलरियों की माला का पूजन करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं देर शाम को विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। लोगों ने मुख्य होलिका से अग्नि ले जाकर घर घर में होलिका दहन किया। जहां होलिका दहन की अग्नि में क्षेत्रवासियों द्वारा गेंहू की बालों को पकाया गया और अग्नि देव से फसलों की सुरक्षा के लिए मन्नतें मांगी। इस दौरान स्वयं सेवकों द्वारा घोष बादन भी किया गया।

होली महोत्सव के दौरान नगर पालिका परिसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन बुजुर्ग पार्षद चिरमोली राम जाटव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जहां नगरपालिका अध्यक्ष पति प्रकाश चन्द जाटव के नेतृत्व में सभी ने गुलाल लगाकर होली खेली और विकास कार्यो को लेकर सुझाव मांगे। होली महोत्सव को लेकर पुलिस व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबन्द रही। जहां पुलिस अधि्काकारियों के साथ फ्लैग मार्च सीओ धर्मेन्द्र शर्मा एवं थानाधिकारी नरेश चन्द द्वारा निकाला गया। होली महोत्सव के तहत धूलेण्डी के दिन 200 बर्ष पूर्व चली आ रही परम्पराओं को मनाते हुए क्षेत्र के लोगों ने होली की अनौखी बारात धूमधाम के साथ ऊंट पर दूल्हे को बैठाकर निकाली गई। जो खिरखारी मौहल्ला से शुरू होकर जैन मन्दिर पहुँची जहां दूल्हे द्वारा तोरण मारा गया और बिना दुल्हन के ही सात फेरे लिये गय।

कलक्टर ने मेला स्थल का किया निरीक्षण

करौली । आगामी 27 मार्च से शुरू होने वाले कैलादेवी के लख्की मेले कि तैयारियो को लेकर जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने करौली से कैलादेवी मेला स्थल तक निरीक्षण करते हुए तैयारियो का जायजा लिया। 27 मार्च से शुरू होने वाले कैलादेवी के लख्की जात चैत्र मेले कि तैयारिया शुरू हो चुकी है। विभिन्न विभागो के अधिकारी अपने विभाग से संबन्धित व्यवस्थाओ मे जुटे हुए है वही ठाम पंचायत कैलादेवी एव कैलामाता मंदिर ट्रस्ट के अधिकारी भी आने वाले श्रुद्धालुओ को दी जाने वाली सुविधाओ मे जुटे हुए है जिसको देखते हुए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कैलादेवी मोड से कैलादेवी मेला स्थल तक औचक निरीक्षण किया।

होली मिलन के रंगारंग कार्यक्रम में खेली फूलों की होली

गंगापुर सिटी ।अग्रवाल समाज उदेई मोड के सानिध्य में अग्रसेन सेवा सदन में श्री अग्रसेन कर्मचारी विकास समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं फागोत्सव कार्यक्रम में समाज के युवा व महिलाओ ने फाग गीतो पर जमकर नृत्य किया। प्रचार मंत्री राजेश महोली ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रोफेसर संतोष गुप्ता थे तथा मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण गुप्ता प्रॉपर्टी एवं विष्णु चंद गुप्ता एलआईसी वाले थे।

दोनों अतिथियों को महामूर्ख की उपाधि से सम्मानित किया गया एवं महिलाओं द्वारा श्रृंगार कर आसन पर बिराजित किया गया। फागोत्सव कार्यक्रम से पहले अग्रसेन जी महाराज एवं कुलदेवी मां लक्ष्मी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अतिथि अग्रवाल समाज अध्यक्ष पंकज मंगलम, मिर्जापुर अध्यक्ष लक्ष्मी चंद गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद गुप्ता, सेवा सदन अध्यक्ष वीरेंद्र गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष शकुन्तला गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष रिद्धि चंद गुप्ता मौजूद रहे। अग्रवाल समाज उदेई मोड द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उदेई मोड अध्यक्ष पंकज मंगलम ने बताया कि कार्यक्रम में एक से बढकर एक होली गीतों पर नृत्य के साथ फूलों से होली खेली गई। मंच संचालन तुलसीराम वैद्य ने किया। होली गीतों पर एल एन प्रॉपर्टी एवम् सभापति द्वारा शानदार नृत्य किया जिसका सभी ने ताली बजाकर हौसला बढाया। सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे एवम् समाज से जुडी कुरीतियों को मिटाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में सभी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

करौली में नए सीएलजी सदस्यों की घोषणा

करौली । जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने जिले के सभी थानों से दो से तीन लोगों को लेकर जिला स्तरीय नवीन सीएलजी सदस्यों कि घोषणा कि। राजस्थान पुलिस अधिनियम 2008 के नियम 12 के तहत हर साल एक तिहाई सीएलजी सदस्यों को नियुक्त करने का प्रावधान है। वर्ष 2024 में कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्यों के स्थान पर नए सदस्यों का चयन किया गया। कोतवाली करौली से सनी शर्मा, ओम शर्मा, अल्पना देवी, सदर करौली से कविता सैनी, रामकेश, शेरसिंह बैंसला शेरा, मासलपुर से शारदा, जयप्रकाश पांचाल, राधा, मंडरायल से संजू जाटव,सतीश,लांगरा से पपीता, निरंजन, हिंडौनसिटी से नरेन्द्र कुमार आर्य,बलवंत सिंह,नई मंडी थाने से कैलाश गुप्ता,निसाथ हुसैन,बबीता,सदर हिंडौन से सुनीता मीणा,भगवान सिंह,सूरौठ से रुचि गोयल,दलवीर,श्री महावीर जी से लक्ष्मी गोयल,विनोद कुमार, कैलादेवी से लालाराम मीना, सपना गुप्ता,करणपुर से गुड्डी,कल्याण गुप्ता, मामचारी से मदनमोहन अठावाल,सपोटरा से आशा, राजेन्द्र सिंह राजपूत, कुडगांव से राजेश शर्मा,मोहम्मद आजाद शक्का, टोडाभीम से ओमप्रकाश, दिनेश, बालघाट से गुमान सिंह,जगराम मीना, नादौती से गोविंद सोनी, भंवर सिंह और गढ़मोरा से संतोष को सीएलजी सदस्य नियुक्त किया गया।

200 से अधिक गोवंश को मिला आश्रय

- गोकाष्ठ से हो रहे आत्मनिर्भर
- गोशाला की शुरुआत 2005 में बाबा बालकदास महाराज ने गौ सेवा के साथ की थी।

गंगापुर सिटी । दौलतपुर में स्थित 108 फुटीय हनुमान गोशाला आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर है। यहां जैविक खेती के साथ गोकाष्ठ और जैविक खाद का निर्माण किया जा रहा है। गोशाला की शुरुआत 2005 में बाबा बालकदास महाराज ने की थी। उन्होंने गो-सेवा के संकल्प के साथ इस गोशाला की स्थापना की। 2009 में गोशाला का रजिस्ट्रेशन कराया गया। शहर के कई प्रतिष्ठित लोग और स्वयंसेवी संस्थाएं गोशाला की मदद करने लगे।

2015 में बाबा बालकदास ने गोशाला की जिम्मेदारी श्याम परिवार को सौंप दी। श्याम परिवार ने डूंगरी वाले बालाजी के पास नई जमीन लेकर गोशाला का विस्तार किया। गोशाला के अध्यक्ष प्रसन्न सुराणा के अनुसार, वर्तमान में 200 से अधिक गोवंश यहां रह रहे हैं। इनमें दुर्घटना में घायल, बीमार और गो-तस्करी से बचाए गए पशु शामिल हैं।

बेसहारा गोवंश को भी यहां आश्रय दिया जाता है। गोशाला में गो-सेवकों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। सभी गो-सेवक पूरी लगन से अपना कार्य कर रहे हैं। गोकाष्ठ और जैविक खाद के उत्पादन से गोशाला आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ रही है। बीमार और घायल गोवंश का वेटरनरी डॉक्टरों के द्वारा समुचित इलाज मुहैया कराया जा रहा है। गो-वंश को नियमित सानी, गुड-तेल आदि का सेवन कराया जाता है। गोवंश को गर्मी से बचाने के लिए शेड में पंखे और कूलरों की व्यवस्था है। वहीं सर्दी में गायों को टाट और मोटे कपडे ओढाकर रखा जाता है। इन्हीं व्यवस्थाओं को लेकर यहां आने वाले लोग गोशाला की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते दिखाई देते हैं।

गोशाला आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर गोशाला के पदाधिकारी और इससे जुडे शहर के प्रतिष्ठित लोगों के द्वारा गोशाला का समय-समय पर निरीक्षण कर गोशाला की व्यवस्थाओं में विस्तार किया जा रहा है। गोशाला में वर्तमान में गो-काष्ठ और जैविक खाद का निर्माण शुरू किया है, ताकि गोशाला आत्मनिर्भर बन सकें।

अब तक करीब 2ः ट्रॉली गो-काष्ठ का निर्माण हो चुका है। साथ ही करीब 35ः से अधिक कट्टे जैविक खाद तैयार हो चुका है और जैविक खाद और गो-काष्ठ का निर्माण लगातार चल रहा है। निर्मित गोकाष्ठ को मोक्षधामों तक पहुंचाया गया है, ताकि इस पवित्र वस्तु का इस्तेमाल अंतिम संस्कार में किया जा सके।

ऐसे बनाते हैं गोकाष्ठ गोकाष्ठ बनाने में मुख्य घटक गाय का गोबर ही होता है, लेकिन इसे बनाने का तरीका अलग है। गोबर का उपयोग उपलों के रूप में भी हो सकता है, लेकिन उपले बहुत जल्दी जल जाते हैं। वहीं गोकाष्ठ गोबर को सुखाकर इसे हाई कंप्रेस मशीनों से अत्यधिक दबाव पर दबाकर बनाई जाती है। मशीन से यह गोकाष्ठ काफी सख्त हो जाती है और गोबर के मुकाबले काफी ज्यादा आंच देती है और देर तक जलती है। गाय के गोबर से बनने के कारण इसकी पवित्रता का अलग महत्व है। इसके अलावा कई लोग अपना जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ यहां गोशाला में मनाने के लिए आते हैं। गोशाला से जुडे समाजसेवी और गवर्नमेंट अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. विजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपना जन्मदिन अपने परिजन-परिचितों के साथ यहां गोशाला में मनाया ।

प्रवेश - 2025

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उरण अकादमी

फुरसतगंज एयरफील्ड, जिला। अमेठी (उ.प्र.)-229302
(नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
आईएसओ 9001-2008 प्रमाणित
"सपनों को पंख प्रदान करें"
भारत के सर्वश्रेष्ठ उड़ान प्रशिक्षण संस्थान से जुड़ें

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (IGRUA) निम्नलिखित के लिए आवेदन आमंत्रित करती हैः

1. कमर्शियल पायलट लाइसेंस के लिए प्रारंभिक पाठ्यक्रम, अगस्त 2025 से दो बैचों में शुरू होने वाला है।
2. "एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग" पाठ्यक्रम जुलाई 2025 से शुरू होने वाला है।

1. कमर्शियल पायलट लाइसेंस पाठ्यक्रम के लिए पात्रताः-
10+2 या समकक्ष स्तर पर अंग्रेजी, गणित और भौतिकी उत्तीर्ण होना चाहिए तथा उपरोक्त में न्यूनतम अंक प्राप्त होने चाहिए।
सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग विषयों में उत्तीर्णता 50% है, तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 45% है।
वैवाहिक स्थिति - अविवाहित, ऊंचाई न्यूनतम 158 सेमी. आयुः सामान्य उम्मीदवारों के लिए 28 वर्ष, ओबीसी के लिए 31 वर्ष और एससी/एसटी के लिए 33 वर्ष
प्रशिक्षण शुल्कः 45 लाख रुपये, साथ ही भोजन-आवास एवं अन्य व्यय अतिरिक्त ।
IGRUA पायलट उम्मीदवारों को CPL प्रशिक्षण के साथ-साथ B.Sc. एविएशन की डिग्री भी प्रदान करता हैः IGRUA में CPL प्रशिक्षुओं के लिए विशेष रूप से 3 वर्ष की अवधि केवल 40 सीटें।

2. एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग कोर्स के लिए पात्रताः-
भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित या इसके समकक्ष में 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए (राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग में डिप्लोमा जहां भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित विषय के रूप में अध्ययन किया गया है, समकक्ष योग्यता के रूप में माना जाएगा। 10+2 के समकक्षता साबित करने के लिए, आवेदक को लागू बोर्ड / विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है)। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए उपरोक्त व्यक्तिगत विषयों में प्राप्त न्यूनतम अंक 50% हैं और एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर से संबंधित) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 45% हैं।
प्रशिक्षण शुल्कः 4.5 लाख रुपये प्लस बोर्डिंग लॉजिंग और अन्य खर्च अतिरिक्त। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 02 मई 2025 है (शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा)। ऑनलाइन परीक्षा की तिथि 24 मई 2025.

विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रारूप आदि के लिए कृपया IGRUA की वेबसाइट https://igrua.gov.in पर "प्रवेश" पर जाएं या आवेदन करने के लिए कोड स्कैन करें

www.igrua.gov.in
+91 (11)24615370, 246557961
+91 (535)2441150, 2441528, +91-9696230588
helpdesk-exam@igrua.gov.in
query-amesch@igrua.gov.in

CBC 03104/12/0002/2425

कान्हा गौ शाला में लगाया बांझ निवारण चिकित्सा शिविर

- 8 गायकं को बांझ निवारण के लिए किया रजिस्टर्ड

गंगापुर सिटी । कान्हा गौ सेवा समिति के सानिध्य में चकछावा स्थित गौशाला पर विशाल पशु बांझ निवारण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष बाबू लाल जाट ने बताया कि बताया कि शिविर में डा देवेन्द्र गोयल पशु चिकित्साधिकारी के सानिध्य में शिविर में गौशाला में रहवास करने वाली गायो का चैकअप किया गया। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथी सुरेश उर्प रामू गुटटा प्रदेश उपाध्यक्ष अग्रवाल समाज एवं विशिष्ठ अतिथी उत्तम सिंधी, कार्यक्रम संयोजक कल्लू भगत ने गौ माता का पूजन कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान सवाईमाधोपुर से आई चिकित्सीय टीम के सदस्य डा देवेन्द्र गोयल के नेतृत्व में कुशल पाल सिंह, जयचंद मीना, प्रीतम सैनी एवं सुनील कुमार गर्ग ने गौशाला की सभी गायो का बडे ही बारिकी से चैकअप किया।

इस दौरान मादा पशु 3ः, नर पशु 5, प्रजनन योगय 22, बांझ निवारण हेतु 8 गायो का उपचार के लिए चयन किया गया। शिविर में गौशाला में मोजूद 15 छोटे मादा गौवंश एवं 6 नर गौवंश की भी जांच कर उपचार किया गया। वर्ममान में गौशाला में वर्तमान में 121 गौवंशका लालन पालन जन सहयोग से किया जा रहा है। इस दोरान मुख्य अतिथी ने कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कलियुग में गौ सेवा का व नाम जप का सबसे बडा महत्व है।

हमें अपने निज जीवन में गायो की किसी ने किसी रूप में सेवा करते रहना चाहिए। उन्होने सभी से अपने संतानो को भी गौ सेवा के लिए समर्पित करने की अपील की। इस दौरान दिनेश गुप्ता, हरी माली, नारायण माली, संजय जाट, मोती गुर्जर, सचिव नरेश सिंह मीना, कोषाध्यक्ष राधेश्याम सैनी सहित समिति के सभी पदाधिकारी व गणमान्य लोग मोजूद थे।

होली मिलन समारोह मनायी

भरतपुर । श्री अग्रवाल सेवा संस्थान रंजित नगर का होली मिलन समारोह संस्था अध्यक्ष एस पी जिंदल की अध्यक्षता में एवं भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सी.ए अतुल मित्तल अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता उद्योगपति भूपेश अठावाल के मुख्य अतिथ्य मैं मनाया गया समारोह में विशिष्ट अतिथि शोभा यात्रा समिति के संयोजक सुरेश बंसल उद्योगपति विष्णु गोयल, मोहन बंसल, नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार तिलकधारी, सुनील गोयल, ओमप्रकाश सिंघल, सपना डीगिया, अंजू मित्तल, रंजना अठावाल, सी ए विनय अग्रवाल रहे। सर्वप्रथम समारोह मैं अतिथियों एवं संरक्षक विष्णु दत्त जैन,एल एन गुप्ता, शंकर लाल अग्रवाल, आर.पी गर्ग ने भगवान अग्रसेन महाराज की छवि स्वरूप तस्वीर के समक्ष माला व पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर आरती कर शुभारंभ किया।समारोह का संचालन संस्था महामंत्री मुकेश सिंघल ने किया। समारोह में कार्यकारी अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता, रामनिवास अठावाल, अमित गर्ग, संजय गुप्ता, विनोद जैन, राधा मोहन गुप्ता, विकास मित्तल, उमेश अठावाल ने अतिथियों का माला, दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अतुल मित्तल ने कहा कि समाज की पहचान पूरे विश्व में भामाशाह के रूप में रही है एवं हमेशा जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए तैयार रहने के लिए जाने जाते है । अनुराग गर्ग ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सौभाग्य म्यूजिक ग्रुप की तरफ से ब्रज संस्कृति से सराबोर मयूर नृत्य, राधा कृष्ण रास चरकुला नृत्य, एवं फूलों की होली के साथ रंगारंग कार्यक्रम लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। समापन पर कार्यकारिणी अध्यक्ष नवल गुप्ता ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर टाईगर रिजर्व (द्वितीय) करौली

क्रमांकः-एफ( )स्टोर/उवसं(द्वितीय)/2024-25/1251 दिनांकः 12.3.2025

निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत लाखों में (लगभग)	अमानत राशि	निविदा शुल्क	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय	निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय